संख्या-181/2018/2063/71-1-2018-जी-137/2007

प्रेषक,

शमीम अहमद खान,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 25 जून, 2018

विषयः- वित्तीय वर्ष 2018-19 में मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति की बैठक दिनॉक 01-10-2007 में उक्त प्रायोजना की मूल लागत रू0 23626.44 लाख आंकलित की गयी थी। इसी मूल लागत के सापेक्ष शासनादेश संख्या-1607/71-1-08-जी-137/2007टी0सी0, दिनॉक 02-06-08 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। लागत दरें पुनरीक्षित होने के कारण दिनॉक 12-01-10 को हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में उक्त प्रायोजना की कुल लागत रू0 38462.50 लाख पुनरीक्षित की गयी थी एवं तद्नुरूप शासनादेश संख्या-271/26-ब0प्र0-2010-जी-137/2007टी0सी0-।।, दिनॉक 30-03-10 द्वारा उसकी प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। पुनः वास्तविक कार्यक्षेत्र में हुई वृद्धि एवं लागत दरों के पुनरीक्षित होने के कारण दिनॉक 01-08-14 को हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में उक्त प्रायोजना की संशोधित लागत रू0 49598.26 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-16/2015/56/71-1-2015-जी-137/2007, दिनॉक 12-02-2015 द्वारा प्रदान की गयी है। उक्त पुनरीक्षित लागत रू0 49598.26 लाख के सापेक्ष निम्नलिखित शासनादेशों द्वारा कुल रू0 47379.74 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है।

क्र0	शासनादेश संख्या व दिनॉक	धनराशि (रू0 लाख में)
1.	452/26-ब0प्र0-2007-जी-137/2007, दिनॉक 29-11-2007	2499.97
2	673/26-ब0प्र0-2008-जी-137/2007, दिनॉक 28-07-2008	10000.00
3	329/26-ब0प्र0-2009-जी-137/2007, दिनॉक 12-05-2009	7000.00
4	569/26-ब0प्र0-2010-जी-137/2007, दिनॉक 30-06-2010	5000.00
5	187/26-ब0प्र0-2010-जी-137/2007, दिनॉक 28-02-2011	1500.00
6	412/26-ब0प्र0-2011-जी-137/2007टी0सी0, दिनॉक 21-04-2011	423.78
7	678/71-1-2011-जी-137/2007टी0सी0।।, दिनॉक 29-04-2011	11432.89
8	2636/71-1-2012-जी-137/2007टी0सी0, दिनॉक 06-11-2012	1923.10
9	845/71-1-2014-जी-137/2007, दिनॉक 07-03-2014	500.00
10	16/2015/56/71-1-2015-जी-137/2007, दिनॉक 12-02-2015	1100.00
11	112/2015/946/71-1-2015-जी-137/2007, दिनॉक 18-05-2015	2197.04
12	157/2015/1818/71-1-2015-जी-137/2007, दिनॉक 10-09-2015	302.96
13	225/2015/2733/71-1-2015-जी-137/2007, दिनॉक 30-12-2015	1000.00
14	200/2016/2484/71-1-2016-जी-137/2007, दिनॉक 05-10-2016	2500.00
	योग-	47379.74

2- उक्त् स्वीकृत धनराशि रू0 47379.74 लाख के सापेक्ष रू0 1923.10 लाख की धनराशि समर्पित कर दी गयी है। इस प्रकार मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर की पुनरीक्षित लागत रू0 49598.26 लाख के सापेक्ष अब तक कुल रू0 45456.64 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2018-19/89/02, दिनॉक 04-06-2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 10,00,00,000/- (रू0 दस करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष् प्रदान करते है:-

1- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

2- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय।

3- प्रायोजना के कार्यान्वयन हेतु महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाय तथा इसी समिति की देखरेख में उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराए जाए। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी महानिदेशक की होगी।

4- अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते में नही रखा जायेगा।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 30-03-2018 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6- कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन में अनुमोदित सीमा तक ही सेंटेज चार्ज लिया जाएगा।

7- आगणन में वर्णित एक प्रतिशत लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा। नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियॉ एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

8- प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन में कोटेशन/बाजार दरों पर आधारित कार्यमदों पर व्यय न्यूनतम आवश्यकता एवं सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत सुनिश्चित कराए। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य/कार्यदायी संस्था की होगी।

9- प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियॉ एवं कार्य प्राविधानों को यथावत मानते हुए किया गया है, जिनमें कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि, व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा अनुमोदित कार्यो की तकनीकी स्वीकृति निर्गत करने के पूर्व विस्तृत डिजाइन/ड्राइंग बनाते समय प्रायोजना लागत में यदि 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती है तो इस स्थिति में पुनरीक्षित प्रायोजना प्रस्ताव पर 03 माह के अन्दर समिति का पुन: अनुमोदन प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा बाद में विचार नहीं किया जायेगा।

10- प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की दिरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से महानिदेशक /प्रधानाचार्य द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

11- मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के निर्माण कार्यो की थर्ड पार्टी आडिट रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों का निराकरण करके उसकी रिपोर्ट 01 माह के अन्दर शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय--03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-54-राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनॉक 30 मार्च, 2018 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है। भवदीय

(शमीम अहमद खान)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-181/2018/2063(1)/71-1-2018 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, अम्बेडकर नगर।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
7- नियोजन अनुभाग-4
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।